कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ०ग०) 494449
Email – govt.dpgc.dantewada@gmail.com

क्रमांक/349 /अतिथि व्या./स्था./2023 दन्तेवाड़ा, दिनांक 14/07/2023

//अतिथि व्याख्याता हेतु आमंत्रण//

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर का पत्र क्रमांक एफ/3–54/2020/38–1 नया रायपुर, अटल नगर, दिनांक 07.07.2023 एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक/504/126/आउशि/राज.स्था./2023 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 10.07.2023 के तहत् प्रसारित निर्देशों के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु महाविद्यालय में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदो के विरुद्ध स्वीकृत मापदण्डों एवं दरों पर अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन कार्य करने हेतु आवेदन दिनांक 25.07.2023 को सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

अध्यापन कार्य हेतु मानदेय प्रति कालखण्ड रू. 300/– प्रति दिवस अधिकतम मानदेय रू. 1200/– एवं प्रतिमाह अधिकतम मानदेय 31200/– देय होगा।

क्र.	विषय	रिक्त पद	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1	वनस्पति शास्त्र	01	संबंधित विषय में कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधि, अनु.जाति/अनु.जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत होना चाहिए। (नेट/सेट/स्लेट, पी.एच.डी.,एम.फिल. उपाधि धारक को प्राथमिकता)
2	भौतिक शास्त्र	01	
3	हिन्दी	01	
4	मनोविज्ञान	01	
5	कम्प्यूटर साइंस	01	

टीप :–

1. अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अतंर्गत नहीं माने जायेगें। लोक सेवक की विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं माने जायेगें।
2. कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं बनेगी और न ही वे अधिमानित बर्ताव के हकदार बनेंगें।
3. चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर एवं यू.जी.सी. मापदण्डों के अनुरूप होगी।
4. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 25.07.2023 है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से 05:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस तिथि के बाद आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे। ई–मेल से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
5. जिन विषयों में शासन द्वारा नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति अथवा स्थानांतरण से पद स्थापना की जायेगी, उन विषयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त होगी।
6. चयन होने पर आमंत्रित किये जाने पर आवेदन को समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण पत्र एवं शपथ प्रस्तुत करने होंगे।
7. अतिथि व्याख्याता नियमानुसार अध्यापन व्यवस्था के अनुरूप प्राचार्य, द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगें।

14/07/2023
(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. D.P.G. College
Dantewada (C.G.)

पृ. क्रमांक/ /अतिथि व्या./स्था./2023 दन्तेवाड़ा, दिनांक / 07/2023

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ ।
02. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
03. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
04. फाईल।

14/07/2023
(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. D.P.G. College
Dantewada (C.G.)